कोटद्वार, सोमवार
27 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 208 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सीएम धामी ने किया टनकपुर में बस टर्मिनल के निर्माण कार्य का भूमि पूजन

### 5590 .70 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक सुविधाओं से लैस बस टर्मिनल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को टनकपुर नगर में 5590.70 लाख की लागत से बनने वाले रोडवेज बस टर्मिनल, डिपो वर्कशॉप बिल्डिंग, रीजनल वर्कशॉप बिल्डिंग एवं टायर शॉप के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इसके अंतर्गत जनपद के टनकपुर शहर में बनने वाले बस टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। जिसमें बस टर्मिनल, बस डिपो अंतर्गत 100 व्यक्तियों का क्षमता युक्त वातानुकूलित प्रतीक्षालय, 100 व्यक्तियों की बैठक क्षमता युक्त फूड कोर्ट, 170 वाहन क्षमता युक्त कार पार्किंग, 20 बेडेड पुरुष एवं महिला डॉरमेट्री, 12 बसों हेतु बोर्डिंग प्लेटफार्म, 24 बसों हेतु बस पार्किंग, 7 बसों हेतु इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग युक्त पार्किंग सुविधा, 20 बसों हेतु वर्कशॉप सुविधा, शॉपिंग स्टोर, रेस्टोरेंट्स, डिस्पेंसरी, एवं क्लॉथ रूम सुविधा, पुरुष एवं महिला सार्वजनिक शौचालय बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमें आधुनिक सुसज्जित बस अड्डे के निर्माण को प्राथमिकता देनी होगी तभी बाहर से आने वाले पर्यटकों व यात्रियों को यात्रा करने में सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि आम यात्रियों को इससे लाभ मिलेगा। टनकपुर का यह बस अड्डा उत्तराखंड का एक मॉडल बस अड्डा बनेगा और आज भूमि पूजन हुआ है और 2025 तक इस कार्य को पूरा कर लोकार्पण भी किया जाएगा और इससे लोगों को अनेक सुविधाएं मिलने लगेगी साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा। आईएसबीटी बनने से रोजगार के साधन बढ़ने के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरी का मेला साल भर चले इसके लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रयास कर रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत को आदर्श जिला बनाने की ओर हम लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए जो भी कठोर निर्णय लेने होंगे, वे लिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम भी सुना। इस अवसर पर सांसद लोकसभा अजय टम्टा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, हेमा जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, बनबसा रेनू अग्रवाल, जिला महामंत्री भाजपा मुकेश कलखुडिया, पूरन मेहरा, मंडल अध्यक्ष भाजपा तुलसी कुंवर, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार के अतिरिक्त सचिव पेयजल एवं परिवहन विभाग उत्तराखंड शासन अरविंद सिंह ह्यांकी, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, प्रबंध निदेशक उत्तराखंड परिवहन निगम आनंद श्रीवास्तव, एसपी देवेंद्र पींचा, मुख्य महाप्रबंधक सीएनडीएस कपिल सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक अधिकारी एवं आम जनता मौजूद रही।

## सीएम ने लाभार्थियों को बांटे चेक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के अंतर्गत मां सरस्वती स्वयं सहायता समूह आमबाग, मां पूर्णागिरी स्वयं सहायता समूह आमबाग, जय गणेशाय स्वयं सहायता समूह उचौलीगोठ, रिद्धि-सिद्धि स्वयं सहायता समूह उचौलीगोठ को एक-एक लाख के तथा जय पूर्णागिरी स्वयं सहायता समूह थ्वालखेड़ा को तीन लाख के सीसीएल चेक वितरित किए। वहीं प्रधानमंत्री आवास-ग्रामीण योजनान्तर्गत माया महर पत्नी नाथ सिंह महर निवासी थ्वालखेड़ा, कौशल्या देवी पत्नी राजेंद्र सिंह निवासी गेंडाखाली, लीला देवी पत्नी नरेंद्र सिंह निवासी आमबाग, हेमा जोशी पत्नी राजेंद्र सिंह निवासी आमबाग को आवास किश्त के चेक वितरित किए।

### टनकपुर से देहरादून के लिए चलेगी वोल्वो बस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की जिसमें, टनकपुर एवं बनबसा के ग्रामीण क्षेत्रों में 10-10 किलोमीटर आंतरिक मार्गों का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया जाएगा।

सीएसआर फंड के अंतर्गत टनकपुर एवं बनबसा के शहरी क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर फ्री वाई-फाई स्थापित किया जाएगा। महात्मा गांधी जूनियर विद्यालय टनकपुर का उच्चीकरण किया जाएगा। पूर्णागिरि के ठुलीगाड़ जमरानी सैलागढ़ में एक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। टनकपुर से देहरादून के लिए वोल्वो बस का संचालन किया जाएगा इसके अतिरिक्त टनकपुर में निकट भविष्य में बिजली के 132 केवी का सब स्टेशन बनाया जाएगा।

## ग्यारह सौ दीप जलाकर देव दीवाली मनाई

**रुड़की(सं)।** पराशर ज्योतिष केंद्र में 1100 दीप जलाकर देव दिवाली मनाई गई। ज्योतिष केंद्र के अध्यक्ष रमेश सेमवाल ने बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भव्य देव दिवाली का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन शिव के साथ–साथ हरि का पूजन किया जाता है। कहा कि पूजा पाठ, दीप दान देव परिक्र्मा आदि करने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ दिन माना गया है। ईश्वर से विश्व कल्याण और सुख समृद्धि की कामना कर 1100 दीप जलाए गए हैं। सभी के जीवन से अंधकार समाप्त हो ऐसी ईश्वर से कामना की है। इस दौरान सुलक्षणा सेमवाल, राधा भटनागर, चित्र गोयल, रितु कारवार, राखी कारवार, अदिति सेमवाल, गौरव वर्मा, सावित्री देवी, प्रतीक्षा वर्मा और नरेंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## अचानक बदला मौसम, गुजरात में आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों में देश के कुछ हिस्सों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। बारिश की आशंका के साथ कुछ शहरों में ठंड बढ़ने के भी आसार हैं। क्टऊने बताया है कि उत्तराखंड में 28 नवंबर को बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। दिसंबर के पहले हफ्ते से ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड में अगले तीन दिन बारिश–बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसीं 41 मजदूरों की जिंदगियों पर भी खतरा मंडराने लगा है।अचानक मौसम बदलने का असर गुजरात के कई इलाकों में भी दिखा।

बिजली गिरने की अलग–अलग घटनाओं में कम से कम आठ लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। फसलों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को राज्य में तूफान के साथ बड़े पैमाने पर बेमौसम बारिश हुई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गुजरात के 251 तालुकाओं में से 220 में रविवार सुबह 6 बजे के बाद 50 एमएम तक बारिश हुई। जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने के अलावा फसलों को भारी नुकसान होने की खबर है।रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद में रविवार सुबह केवल दो घंटे में 15 एमएम बारिश हुई। राजकोट में बारिश के साथ–साथ ओलावृष्टि की खबर भी सामने आई।

## चीन में बच्चों की सांस संबंधी बीमारी के मामले पर उत्तराखंड में सतर्कता बरतने के निर्देश



**देहरादून।** चीन के बच्चों में सर्दी, जुकाम, बुखार और सांस संबंधी बीमारी के मामले सामने आने के बाद उत्तराखंड में सतर्कता बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संदर्भ में सभी जिलों को सर्विलांस के निर्देश दिए गए हैं।दरअसल चीन के कुछ क्षेत्रों में बच्चों में सांस संबंधी बीमारी के मामले सामने आ रहे हैं। रविवार को केंद्र सरकार ने इस संदर्भ में सभी राज्यों को आगाह करते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अब राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को इस तरह के मामले सामने आने पर रिपोर्ट करने को कहा है। साथ ही सभी जिलों को सर्विलांस के भी निर्देश दिए हैं। सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि राज्य में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और इस तरह का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। हालांकि उन्होंने कहा कि सभी जिलों को सर्विलांस सिस्टम पर ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इधर राज्य में कोविड का अब एक भी मरीज सामने नहीं आ रहा है। राज्य में सर्विलांस प्रोग्राम के नोडल अफसर डॉ पंकज सिंह ने बताया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है और अब कोविड जांच में कोई भी सैंपल पॉजिटिव नहीं आ रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगातार सर्विलांस चल रहा है और कहीं भी सांस संबंधी रोग के मरीज नहीं मिले हैं।

## पीएम मोदी ने किया 26/11 हमले का जिक्र, 'देश इस दिन को कभी भूल नहीं सकता'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश 26 नवंबर के आतंकवादी हमले को कभी नहीं भूल सकता और यह भारत का सामर्थ्य है कि वह हमले से उबरने के बाद आतंकवाद का सफाया करने में जुटा है। पीएम मोदी ने



रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को संबोधित करते हुए सबसे पहले मुंबई आतंकवादी हमले का जिक्रकिया। उन्होंने इस हमले का मुकाबला करते हुए देश के लिए प्राण न्यौच्छावर करने वाले रणबांकुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि समूचा देश आज उनको याद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम शुरू करते ही कहा कि आज 26 नवम्बर का दिन है और भारत इसे कभी नहीं भूल सकता।उन्होंने कहा, " आज 26 नवंबर और इस दिन को हम कभी भी भूल नहीं सकते हैं। आज के ही दिन देश पर सबसे जघन्य आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने, मुंबई को, पूरे देश को, थर्रा कर रख दिया था। लेकिन ये भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उबरे और अब पूरे हौसले के साथ आतंक को कुचल भी रहे हैं। मुंबई हमले में अपना जीवन गंवाने वाले सभी लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। इस हमले में हमारे जो जांबांज वीरगति को प्राप्त हुए, देश आज उन्हें याद कर रहा है।"उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की सीमा से समुद्र के रास्ते आए आतंकवादियों ने 26 नवंबर 2008 की रात मुंबई में आतंकवादी हमला किया था। इस हमले में करीब 150 लोग मारे गए थे और करीब 300 घायल हुए थे। भारतीय सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को ढेर कर दिया था और एक आतंकवादी को जीवित पकड़ लिया था।

## सिल्कयारा टनल से मजदूरों को निकालने का अब ये है प्लान, इंडियन आर्मी के पास ड्रिलिंग की कमान

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के सिल्कयारा टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए इंतजार और बढ़ता जा रहा है। इस बीच मद्रास सैपर्स, भारतीय आर्मी के इंजीनियरों की एक टुकड़ी को बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है। यह टीम उस साइट पर मैनुअल ड्रिलिंग को अंजाम देगी जहां पिछले 15 दिनों से 41 मजदूर फंसे हुए हैं। इंडियन आर्मी की इंजीनियर रेजिमेंट के 30 जवान सिल्कयारा टनल के पास बचाव कार्य के लिए पहुंच गए हैं। मैनुअल ड्रिलिंग के लिए इंडियन आर्मी और लोग टनल के अंदर रैट बोरिंग करेंगे। एक अधिकारी ने कहा, मैनुअल ड्रिलिंग के लिए इंडियन आर्मी लोगों के साथ मिलकर टनल के अंदर पड़े मलबे को खोद कर बाहर निकालेगी। इसमें



हाथ, हथियार और छेनी जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके बाद पाइप के टनल में बने प्लेटफॉरम के जरिए उसे अंदर डाला जाएगा।'

अधिकारी ने बताया कि टनल के अंदर फंसे 41 मजदूर अभी महफूज हैं। इससे पहले आज पाइपलाइन के अंदर फंसी मशीन को काटने के लिए प्लाज्मा कटर साइट पर पहुंचा। अधिकारी ने यह भी बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीम ने तय किया है कि थोड़ी दूरी पर खोद कर पाइपलाइन को मैनुअल ड्रिलिंग के जरिए अंदर भेजा जाएगा। यहां तक कि अगर इस दौरान कोई समस्या आती है तो इसे समस्या को मैनुअली ठीक किया जाएगा और फिर पाइपलाइन को कुछ दूरी तक भेजा जाएगा। इधर बचाव कार्य में जुटे रखश्ठ ने बताया कि करीब 20 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग का किया जा चुका है। कुल 86 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग का काम होना है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने रविवार को कहा कि उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में ऑगर मशीन के टूटे हुए हिस्सों को निकालने और हाथों से खुदाई शुरू करने के लिए काम जारी है, जबकि पिछले 14 दिनों से सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए लम्बवत ड्रिलिंग भी शुरू हो गई है। एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सुरग में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। हसनैन ने कहा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प माने जाने वाली लम्बवत ड्रिलिंग का काम चल रहा है।

ड्रोन कैमरे का इस्तेमालः उत्तरकाशी सिल्कयारा टनल में चल रहे बचाव कार्यों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह रविवार को सिल्कयारा टनल पहुंचे थे यहां उन्होंने बचाव कार्यों का जायजा भी लिया। 12 नवंबर को जब टनल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिर गया तब सिल्कयारा टनल में 41 मजदूर फंस गए थे।

फंसे मजदूरों को निकालने का है 4 प्लानः अधिकारियों ने रविवार को बताया कि फंसे मजदूरों को सुरंग से बाहर निकालने की पहली योजना में ऑगर मशीन के फंसे हिस्से को काटकर निकाला जाएगा जिसके बाद मजदूर छोटे उपकरणों के जरिए हाथों से खुदाई कर मलबा निकालेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरी योजना में सुरंग के ऊपरी क्षेत्र में 82 मीटर की लंबवत खुदाई की जाएगी और इसके लिए मशीन का प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया गया है तथा मशीन के एक हिस्से को वहां पहुंचा भी दिया गया है।



## सिल्क्यारा टनल में फंसे टनकपुर निवासी पुष्कर सिंह एरी के घर जाकर उनके परिजनों से मिले सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टनकपुर भ्रमण के दौरान उत्तरकाशी के सिल्क्यारा टनल में फंसे टनकपुर के छीनिगोठ निवासी पुष्कर सिंह एरी के घर जाकर उनके परिजनों से मिले । मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि टनल में फंसे सभी श्रमिकों को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी श्रमिक सकुशल हैं, सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए मौके पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक मजदूर की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। श्रमिकों को खाद्य सामग्री भी नियमित पहुंचाई जा रही है।

# नाली में मिला पांच माह के भ्रूण ,तलाश में जुटी पुलिस

ऋषिकेश। एक मां ने जन्म लेने से पहले ही पांच माह के भ्रूण को नाली में फेंक दिया । शांतिनगर में स्थानीय लोगों की नजर नाली में बहते नवजात पर पड़ गई। पुलिस ने भ्रूण का डीएनए सेंपल सुरक्षित रख लिया है। फिलहाल पुलिस मां की तलाश में जुटी है। यह घटना चर्चा का विषय रही। ऋषिकेश में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले 2018 में भी एक नवजात का शव गोविंदनगर की नाली में मिला था, जिसका गला तार से घोंटा गया था। लेकिन कातिल तो दूर आज तक न तो मां और न ही नवजात के पिता का पता चला पाया। इसी साल 18 जनवरी को तिलक रोड के पास एक स्वस्थ नवजात नाली में मिला, मगर पुलिस उसके माता–पिता को नहीं तलाश पाई।

नवजात का हत्यारा गिरफ्त से बाहरः साल 2018 के दो फरवरी की घटना हर किसी को याद है। इसमें एक नवजात का शव पुलिस को गोविंदनगर में नाली से मिला था। गले पर निशान मिले, तो हत्या की धारा में केस दर्ज किया गया। वारदात में प्रयुक्त तार भी पुलिस ने बरामद किए। लेकिन आजतक न तो कातिल और न बच्चे के मां–बाप का सुराग पुलिस लगा पाई है।



नाली में मिले नवजात का केस भी नहीं सुलझाः इसी साल 18 जनवरी में भी मां की ममता शर्मसार हुई थी। तिलक रोड स्थित डॉक्टर कॉलोनी के पास एक नवजात पुलिस को नाली में पड़ा मिला था। नवजात को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्चे की जान तो बची, लेकिन उसके माता–पिता का आज तक पता नहीं चला।

पुलिस सभी मामलों की जांच में जुटी है। लंबित केस को निपटने के लिए भी समय–समय पर निर्देशित किया जाता है। पहचान होने पर संबंधित पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।– कमलेश उपाध्याय, एसपी देहात, देहरादून

## एक नजर

### बेटा, बहू करते हैं बुजुर्ग मां के साथ मारपीट गाली गलौच, केस दर्ज

हरिद्वार। उत्तराखंड में एक कलयुगी बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी बुजुर्ग मां की साथ दरिंदगी कर डाली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने प्रताड़ति करने का आरोप लगाते हुए अपने पुत्र एवं पुत्रवधू के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर ज्वालापुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बुजुर्ग महिला प्रकाशी देवी (75 वर्ष) निवासी पूर्वी नाथ नगर ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी और दामाद अपाहिज हैं। वह उन दोनों के ही साथ रही रहती है। आरोप है कि उसके बड़े बेटे प्रवीण कुमार, उसकी पत्नी भावना ने प्रताड़ति करते हुए उसकी रसोई के आगे दीवार खड़ी कर दी। आरोप है कि मकान के हिस्से में अवैध निर्माण कर दिया। विरोध करने पर उसके दामाद और छोटे बेटे को कोतवाली में बैठाकर रखा गया। तब तक उन्होंने लिंटर डाल दिया। अवैध निर्माण कर उसकी आवाजाही बंद करने की कोशिश की जा रही है और विरोध करने पर बेटा, बहू मारपीट गाली गलौच करते हुए मारपीट पर उतर आते है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि बुजुर्ग की शिकायत पर इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रक की टक्कर से टेंपो चालक की मौत हेल्पर घायल

रुड़की। ट्रक की टक्कर से टेंपो चालक की मौत हो गई। जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने टेंपो चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हेल्पर को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया है। फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के नौशाद (50) पुत्र शरीफ निवासी केल्हनपुर रविवार सुबह छह बजे के आसपास टेंपो लेकर सब्जी मंडी जा रहे थे।

साथ में सोनू (19) पुत्र कासिम भी बराबर में बैठा था। इस बीच शंकरपुरी गांव के पास यूके–08 नंबर के ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक नौशाद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

# वर्टिकल ड्रिलिंग में देरी पर उठे सवाल, उत्तरकाशी टनल में फंसे 41 मजदूरों की जान बचाने को बने ये प्लान

देहरादून। उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में 14 दिन से फंसे मजदूरों को निकालने के लिए चल रहे मुख्य रेस्क्यू ऑपरेशन में रुकावट के बीच अब ऊपर से ड्रिलिंग"वर्टिकल ड्रिलिंग" के लिए मोर्चाबंदी तेज हो गई है। मशीनें पहुंचाकर सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। वर्टिकल ड्रिलिंग में देरी पर भी सवाल उठ रहे हैं। टनल के अंदर मलबे में ऑगर मशीन के फंसने से अब उसे कटर से काटा जा रहा है, लिहाजा अन्य विकल्पों पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जा रही है। सुरंग के ऊपर से ड्रिल के लिए पहले योजना बनाई जा चुकी थी।

इसके लिए सड़क बनाने के साथ ही ओडिशा से विशेष मशीनें भी मंगाई गई। विशेषज्ञों के अनुसार, टनल के ऊपर से मजदूरों तक पहुंच बनाने के लिए करीब 85 से 103 मीटर लंबी टनल की जरूरत होगी। इसके लिए ओडिसा से मंगाई गई मशीनों से काम किया जाएगा। इसके लिए कई मशीनें ऊपर पहुंच गई हैं, जबकि कुछ मशीनों को टनल के ऊपर पहुंचाया जा रहा है।

वर्टिकल ड्रिल में देरी पर उठ रहे सवाल : टनल के अंदर फंसे मजदूरों को निकालने के लिए ऊपर से वर्टिकल ड्रिल के विकल्प पर 18 नवंबर को चर्चा हो गई थी। अगले दिन सड़क बनाने का भी काम शुरू हो गया था। दो दिन में सड़क चिह्नित स्थान तक पहुंच गई थी, लेकिन उसके बाद ड्रिलिंग का काम शुरू नहीं किया गया। ओडिसा से मंगाई गई मशीन भी साइट पर खड़ी रही। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि



यदि इस प्लान पर भी समय रहते काम शुरू हो गया होता तो अभी तक ड्रिलिंग मजदूरों के काफी करीब तक पहुंच सकती थी।मजदूरों से बोले सीएम, जो जरूरत हो तत्काल बताएंः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों से बात कर उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फंसी हुई ऑगर मशीन को निकालने का काम तेजी से चल रहा है और जल्द सभी को सकुशल बाहर निकाल दिया जाएगा। शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने अंदर फंसे गबर सिंह, सबा अहमद और अखिलेश मिश्रा से बात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कई विशेषज्ञ उन्हें निकालने के लिए दिनरात काम कर रहे हैं और भरोसा दिलाया कि जल्द रेस्क्यू टीम उन तक पहुंच जाएगी।

धामी ने मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ ही अंदर भेजे जा रहे खाने के साथ ही अन्य जरूरतों के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि उन्हें किसी भी चीज की जरूरत हो तो तत्काल अधिकारियों को बताएं। धामी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सवोच्च प्राथमिकता है कि सभी मजदूरों को जल्द और सुरक्षित बाहर निकाला जाए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया स्मार्ट सिटी के सौन्दर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने शहर में संचालित स्मार्ट सिटी के कार्यों एवं इन्वेस्टर समिति के दृष्टिगत कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रिंस चौक, आराघर, ईसी रोड, द्वारिका स्टोर, सर्वे चौक, विकासभवन तिराहा, परेड मैदान, तिब्बती मार्केट, लैंसडाउन चौक, कनक चौक, गांधी पार्क तिराहा आदि स्थलों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शहर में संचालित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ युद्धस्तर पर पूर्ण करने के निर्देश इसके लिए सम्बन्धित विभागों को कार्यस्थल पर टीम बढाने के भी निर्देश दिए। निर्माण कार्यों एवं सौन्दयीकरण कार्यों में सभी पहलुओं को ध्यान रखते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रिंस चौक से आराघर तक संचालित कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए शहर में विभिन्न जगहों पर संचालित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ



सुव्यवस्थित रूप से 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रिंस चौक से आराघर तक सड़क डामरीकरण कार्यों को दो दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें तथा यह ध्यान रखें की विद्युत उपकरण व्यवस्थित रूप से लगें हों। साथ ही सौन्दर्यीकरण एवं फुटपाथ पर टाईल्स कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने प्रिंस चौक से ड्रनेज कार्यों को पूर्ण करते हुए लाईन को लिंक करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया सड़क रोलिंग के कायों को बारिकी के साथ किया जाए। उन्होंने परेड ग्राउड पर कनक चौक के समीप पार्किंग चिन्हिकरण करने के निर्देश दिए ताकि लोग फटपाथ पर वाहन पार्क न करें।

## किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ दून में महापड़ाव शुरू

देहरादून। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से रविवार को दून स्थित दीन दयाल पार्क में किसान और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने चार श्रम कोड वापस लेने, ठेका प्रथा बन्द करने, पेट्रोल, रसोई गैस की कीमतें कम करने समेत अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया। सीटू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने महापड़ाव को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद वक्ताओं ने मजदूरों और किसानों की मांगों को प्रमुखता के साथ उठाया। संविधान दिवस के अवसर उपस्थित लोगों को पूर्व कैबिनेट मंत्री व इंटक के अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट ने संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई। इसके बाद सिलक्यारा मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने और राज्य की सभी परियोजनाओं की समीक्षा की मांग की गई। इस तीन दिवसीय महापड़ाव में राज्यभर के मजदूर, किसान शामिल हो रहे हैं। वक्ताओं ने स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही का मुद्दा उठाया। इन्वेस्टर्स समिट को लेकर कहा कि इन्वेस्टर अपनी शर्तों पर पूंजी लगाएंगे।

## नशे और मादक पदार्थों से दूर रहने का दिया संदेश

**पौड़ी** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में आईक्यूएसी एवं एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय नवयुवक छात्रों को नशे और मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराना रहा। इस दौरान प्राचार्य ने सभी प्रकार के नशे और मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा. विकास प्रताप सिंह ने नशीले पदार्थों के सेवन के नुकसान बताते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से भविष्य में गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डा. सुधीर रावत ने सभी छात्र-छात्रों को मादक पदार्थों का बहिष्कार करने और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कशिश पोखरियाल ने कहा की यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें तभी हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर पाएंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे। संचालन सैन्य विज्ञान विभाग प्रभारी डा. विक्रम रौतेला द्वारा किया गया।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

## एसजीआरआर लालपानी के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र अण्थ्वाल ने कहा कि ने कहा कि हमें बच्चों पर बिना दबाव बनाए, उनका चहुंमुखी विकास करना है। बच्चे जो करना चाहते हैं उन्हें वह स्वयं करके सीखने दें। उन्होंने कहा कि अपने अध्ययन काल में कड़ी मेहनत करें। इसी से वह अपने आने वाले भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र अण्थ्वाल, पीटीए अध्यक्ष ललिता प्रसाद घिल्डियाल, गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर गुसाईं, शांति इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक मुन्ना लाल मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र जजेडी, पूर्व प्रधनाचार्य कैलाश चंद्र थपलियाल, प्रधानाचार्य अनुपमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बच्चों ने गढ़वाली, कुऊमाउनी, हिन्दी, राजस्थानी, पंजाबी गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने द्रौपदी के चीर हरण दृश्य का शानदार मंचन किया। वहीं छात्रों ने हनुमान चालीसा की बेहतरीन प्रस्तुति दी। जिसकी मुख्य अतिथियों सहित उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर सराहना की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने श्री अण्थ्वाल ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा प्रयासों की सराहना की और बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को सराहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सर्वांगीण विकास में सहायक है, बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रस्तुतियां दी उसमें सभी शिक्षकों की अथक मेहनत की झलक परिलक्षित होती है।

उन्होंने वर्तमान परिपेक्ष में स्किल एजुकेशन पर बल दिया जिससे बच्चे जीवन में आने वाली चुनौतियों को समझ सके। विशिष्ट अतिथि पंकज बहुगुणा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ की सराहना की और कहा कि निश्चित ही भविष्य में विद्यालय नई ऊंचाईयों को छूएंगा और विद्यालय के बच्चे क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होनें बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य अनुपमा शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया।

उन्होंने वर्ष भर की विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षिक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# मृतक सतेंद्र के घर पहुंचे कैबिनेट मंत्री महाराज, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : विधानसभा चौबट्टाखाल भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज मृतक सतेन्द्र सिंह रावत के घर गवाणा खडखोली पहुंचे। जहां कैबिनेट मंत्री महाराज ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। इस दौरान डीएफओ कोटद्वार से बात कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सतेंद्र की पत्नी को उपनल के माध्यम से नौकरी दिलवाने की बात कही, जिस पर कैबिनेट मंत्री ने हरसंभव मदद की बात कही।



कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज मृतक सतेंद्र के परिजनों से वार्ता करते हुए।

बता दें कि बीते सप्ताह को कोटद्वार दुगड्डा मोटर मार्ग पर लालपुल के निकट हाथी के सड़क में आने के कारण बाइक सवार सतेंद्र सिंह रावत की दुर्घटना में मौत हो गई थी। सतेंद्र अपने पीछे अपनी पत्नी और 13 वर्षीय बेटा को छोड़ गया। वहीं कुछ साल पहले सतेंद्र के बड़े भाई की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद से बड़े भाई के परिवार और अपने परिवार का सतेन्द्र एकमात्र सहारा था। सतेन्द्र की मौत के बाद परिवार को अब कोई सहारा नजर नहीं आ रहा है। सतेन्द्र राजकीय इंटर कॉलेज खैरासैण में उपनल से लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात था। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सत्येंद्र के परिवार के साथ उनकी संवेदना है। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। वहीं उपनल के माध्यम से नौकरी के लिए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से बात कर

# एडी ने अलमस गांव में लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पौड़ी** : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल ने अलमस गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली के झूलते तारों से निजात दिलाने, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के उपाय किए जाने की मांगें रखी। एडी ने बताया कि चौपाल में मिली शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा, ताकि समस्याएं हल हो सके।

एडी माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल एसबी जोशी अलमस गांव पहुंचे। एडी ने बताया कि चौपाल में ग्रामीण राकेश सिंह ने शिकायत रखी कि रसद कार्ड तो बना है, लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। वहीं अनिल सिंह ने बताया कि सिंचाई के लिए पानी का टैंक अब लीक हो गया है ऐसे में उनकी फल सब्जी की फसल के लिए सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पादन को बढ़ाने के लिए इस टैंक की जगह दूसरा टैंक बनाया जाए। वहीं ग्रामीणों ने ये भी शिकायत रखी कि गांव के पास में ही बिजली की झूलती तार खतरा बने हुए हैं। इन तारों की चपेट में कोई भी आ सकता है। जमीन से बहुत कम दूरी पर तार झूल रहे हैं। बिजली विभाग से मांग की गई कि यहां एक पोल लगा दिया जाए ताकि तार ऊपर हो जाए। मीना ने बताया कि उनका परिवार अलग हुआ, लेकिन राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने डांडा तोक में बिजली की सुविधा देने की भी मांग चौपाल में रखी। बताया कि यहां करीब 12 परिवार अंधेरे में रह रहे हैं। चौपाल में आंगनबाड़ी को लेकर समस्या आई कि यहां दो केंद्र संचालित हैं, जिसमें एक में 26 और दूसरे केंद्र पर 17 बच्चे हैं, लेकिन दोनों ही केंद्रों के पास अपने भवन नहीं है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने फसलों को जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान से बचाने की भी गुहार लगाई। इस मौके पर बीईओ जौनपुर विनीता, ग्राम प्रधान रीना लेखवाल, राकेश सिंह, दीपक आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉली सीज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र में अवैध खनन का थमने नाम नहीं ले रहा है। दिन-रात खोह, सुखरौ, मालन नदी में अवैध खनन हो रहा है। प्रशासन अवैध खनन पर रोक लगाने में नाकाम रहा है। कोतवाली पुलिस ने अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे के निर्देश पर अवैध खनन की रोकथाम हेतु जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन सामग्री परिवहन करने पर दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को किया सीज किया गया। साथ ही वर्ष 2023 में अब तक अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 25 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु उपजिलाधिकारी कोटद्वार को रिपोर्ट प्रेषित की गयी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि कोटद्वार पुलिस द्वारा अवैध खनन की रोकथाम हेतु चलाया जा रहा अभियान जारी रहेगा। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस सख्त कार्यवाही कर रही है।

# अग्निवीर भर्ती रैली शुरू, पहले दिन 70 प्रतिशत युवाओं ने किया प्रतिभाग



अग्निवीर भर्ती रैली की 1600 मी. दौड़ में दमखम दिखाते हुए युवा।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गब्बर सिंह कैंप स्थित बलबीर स्टेडियम में सेना की अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई है। भर्ती रैली 1 दिसम्बर तक चलेगी। भर्ती रैली के पहले दिन रविवार को 70 प्रतिशत युवाओं ने प्रतिभाग किया। पहले दिन 750 युवाओं ने प्रतिभाग करना था। सेना के अधिकारियों ने राष्ट्र की सेवा के प्रति युवा पीढ़ी के दृढ़ निश्चय की सराहना की।

रविवार सुबह करीब 4 बजे रैली में पहुंचने वाले युवाओं को काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में एकत्रित किया गया। तत्पश्चात प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें गब्बर सिंह कैंप स्थित बलबीर स्टेडियम भेजा गया। जहां उनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। सबसे पहले युवाओं के लिए 1600 मीटर दौड़ आयोजित की गई। दौड़ में सफल युवाओं ने चिनअप, लॉग जंप सहित अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षा दी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल युवाओं का मेडिकल किया जाएगा। लेफ्टनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भर्ती रैली में आने वाले युवाओं को अपनी पहचान और पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए अपने आधार कार्ड को सक्रिय मोबाइल नंबरों से जोड़ने की सलाह दी है। जिन लोगों का आधार सत्यापन नहीं हो सका है, उन्हें दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए 27 नवंबर तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। सत्यापन औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए 27 नवंबर के बाद कोई समय नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को 1200 और 28 नवंबर को 1300 युवा भर्ती रैली में प्रतिभाग करेंगे। बाकी दिवस अन्य कार्यों के लिए रिजर्व रखे गये हैं। उल्लेखनीय है कि एआरओ लैंसडाउन कार्यालय दुगने प्रयास कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वास्तविक और योग्य उम्मीदवारों को ही देश के लिए अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर मिले। कार्यालय यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि चयन प्रक्रिया तेजी से पूरी हो ताकि उम्मीदवारों को औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय खर्च न करना पड़े। एआरओ कार्यालय ने आयोजनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और नागरिक पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

# कोटद्वार में कांग्रेस ने मनाया संविधान दिवस, अंबेडकर के विचारों को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अमतिराज सिंह को प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा लैंसडौन विधानसभा प्रभारी नियुक्त करने पर सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 में स्वीकार किया गया था और 26 जनवरी 1950 को प्रभाव में आया था। कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का फैसला लिया गया था। कहा कि भारत का संविधान कई सिद्धांतों को समेटे है, जिनके आधार पर देश की सरकार और नागरिकों के लिए मौलिक, राजनीतिक सिद्धांत, प्रक्रियाएं, अधिकार, दिशा-निर्देश और कानून आदि तय किए गए हैं।

इस दिन का प्रमुख उद्देश्य संविधान की विशेषता के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रमेश खंतवाल, दिनेश रावत, मनवर सिंह आर्य, रंजना रावत, सुधा असवाल, नीलम रावत, सुदीप चिल्डियाल, मो0 स्वाले, दिलबर प्रताप, शंकर नेगी, गुड्डू चौहान, विजय नेगी, भारत सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह रावत, संजय डबराल, नरेश सिंह, सूरज प्रकाश शाह, राजीव जखमोला आदि मौजूद थे।

## देश का संविधान प्रत्येक नागरिक की शक्ति एवं सुरक्षा कवच

**कोटद्वार** : संविधान दिवस पर रविवार को शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से संगठन कार्यालय में देश का आम आदमी और भारतीय संविधान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन अध्यक्ष विकास आर्य ने कहा कि देश का संविधान प्रत्येक व्यक्ति को न्याय, समता, बंधुता व स्वतंत्रता जैसे मानवीय आवश्यक मूल्यों को प्रदान करता है। इससे प्रत्येक व्यक्ति स्वाभिमान से अपना जीवन व्यतीत करता है। मनवर लाल भारती ने कहा कि देश का संविधान प्रत्येक नागरिक की शक्ति एवं सुरक्षा कवच है। मौके पर मांग की गई कि केंद्र व सरकार को देश के संविधान के मूल विषयों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां मजबूती से आगे बढ़ सकें। गोष्ठी में संगठन के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## ईशान राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में करेगा प्रतिभाग

**पौड़ी** : डा. एपीजे अब्दुल कलाम राज्य विज्ञान महोत्सव में एकेश्वर ब्लाक के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज नौगांवखाल के कक्षा 8 के छात्र ईशान कुंवर ने पर्यावरण के लिए जीवन शैली उप उपविषय में दूसरा स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर विज्ञान महोत्सव में जगह बनाकर राज्य, जिले और ब्लॉक का नाम रोशन किया है। छात्र के अच्छे प्रदर्शन पर विभाग के अफसरो ने खुशी जताई है।

प्रतिभागी छात्र के मार्गदर्शक शिक्षक एवं विज्ञान के सहायक अध्यापक आशुतोष बिडालिया ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में जंगली जानवरों और बंदरो ने खेती को बहुत नुक्सान पहुँचाया है। जिसके चलते ग्रामीण लोग पारंपरिक खेती छोड़ कर पलायन करने लगे हैं।

इसी समस्या से छुटकारा पाने के उद्देश्य से लेजर सेक्यूरिटी अलार्म फॉर रूरल एरिया नामक मॉडल का प्रोटोटाइप तैयार किया है, जिसके प्रयोग से आवारा और जंगली पशुओं से खेती को होने वाले नुकसान से बचा जा सकेगा। साथ ही पर्यावरण मैत्री होने के साथ ही किसी जानवर को कोई भी हानि नहीं पंहुचेगी और खेती मालिक को भी अलार्म के बजने से सतर्क रहने में सुविधा होगी। शिक्षक के अनुसार यदि इसी मॉडल को बड़े स्तर पर कुछ सूक्ष्म तकनीकी बदलाव के साथ प्रयोग करने से यह मॉडल पर्वतीय खेती और पर्यावरण के लिए बहुत मददगार और कारगर साबित हो सकता है।

## सभी को नशीले पदार्थों को दूर रहने को संकल्प लेना चाहिए

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित ब्राइट कैरियर चिल्ड्रन एकेडमी में नशामुक्ति पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गणेश चंद्र ध्यानी ने कहा कि आदर्श राष्ट्र का निर्माण तभी हो सकता है जब युवा नशामुक्ति का संकल्प लेकर स्वच्छ मानसिकता का परिचय देंगे। कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हम सबको नशीले पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गेप्स संस्था के संस्थापक राम भरोसा कंडवाल ने कहा कि धूम्रपान एवं शराब कैंसर के मुख्य कारक है।

वर्तमान में अधिकतर युवा अपने को बड़ा दिखाने के फेर में शौक के तौर पर सिगरेट या शराब का प्रयोग कर रहे हैं जो कालांतर में उनके लिए विभिन्न बीमारियां जैसे हृदय रोग, श्वास नली सम्बन्धी समस्याएं एवं मुंह का कैंसर जैसी बीमारी को जन्म देता है। इसलिए युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर सुषमा ध्यानी, मनोज कंडवाल, देवेन्द्र रावत, कुलदीप, आरती बिष्ट, नीरजा गौड़, नंदन सिंह नेगी, एसपी डोबरियाल, राजकिशोर ममगाईं, दिनेश चौधरी, मनमोहन काला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

**पौड़ी** : भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा द्वारा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर को याद किया गया।

मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद टम्टा ने कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊंचा संविधान है। इस मौके पर जिलामहामंत्री भक्ति शाह, प्रेमलाल, मुकेश, धीरेंद्र आदि शामिल रहे। वहीं, प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति ने भी संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर हरीश चंद्र शाह, सुनील कुमार, सुबोध कुमार, प्रेमलाल, श्रीकांत, नरेंद्र प्रसाद टम्टा, गिरीशचंद्र आदि शामिल रहे।



# पूर्व जिपं उपाध्यक्ष को सम्मानित किया

**रुद्रपुर(सं)।** बुक्सा आदि जनजाति उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष व समाजसेवी त्रिनाथ विश्वास को सम्मानित किया। रविवार को उत्थान समिति की ओर से सरकारी स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कोरोना काल से क्षेत्रवासियों के लिए एंबुलेंस सेवा, निर्धन परिवारों का विभिन्न तरीके से सहयोग करने के लिए पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष की सराहना की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने त्रिनाथ विश्वास को श्रद्धेय जगतदेव का चित्र सौंपकर सम्मानित किया। इस दौरान गोविंद सिंह, कैलाश सिंह, सीताराम सिंह, महेश सिंह, गुड्डो देवी, विमला देवी, मुन्नी देवी, लक्ष्मी देवी, मंगो देवी, अनिता देवी, देवकी देवी आदि मौजूद रहे।

# जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण के गीतों पर थिरके लोग

संवाददाता

**श्रीनगर गढ़वाल** : बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले की पहली रात्रिकालीन सांस्कृतिक संध्या जागर सम्राट पद्मश्री डा. प्रीतम भरतवाण के नाम रही। इस मौके पर लोक संस्कृति पर आधारित लोकगीत व भजनों की प्रस्तुति पर देर रात तक लोग थिरकते रहे। सीतापुर अस्पताल प्रागंण, कमलेश्वर महादेव मंदिर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जागर सम्राट डा. प्रीतम भरतवाण ने खोली का गणेश, मोरी का नारैणा से सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने राम गंगा नयौला, शिवजी कैलाशु रैंदा न की बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद प्रीतम भरतवाण ने मैं जांदु मेरी बसंती दूर देश पार.., चला समधणी.., बिंदुली.., सरूली मेरू जियां लगी गै.., मोरी रखा खोली सहित पवाडा, थड़िया और चौफला गीतों की एक से बढ़कर प्रस्तुति देकर पंडाल में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। इस अवसर पर पंडाल में बैठ कई लोगों में देवता भी अवतरित होता दिखा। कार्यक्रम में ढोलक में सुरेंद्र, कीबोर्ड पर सुरेंद्र कोहली, तबले पर धीरज सिंह, पैड पर रजत कुमार, बांसुरी पर लखाडीत, हुड़का में बिजेंद्र ने साज दिया। साथ ही डा. प्रीतम भरतवाण के साथ पहुंचे रंगमंच के कलाकार नील शाह, श्वेता जोशी, आशीष गुसाईं, निकिता नेगी, परू राणा, संगीता गुसाईं, करण सिंह, पूनम सिंह ने नृत्य की सुन्दर प्रस्तुतियां देकर सब का मनमोहा। इससे पूर्व भजन संध्या का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेले की हर एक शाम को बेहतरीन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं की फरमाइस पर 28 नवम्बर को प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास श्रीनगर पहुंचेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुषमा रावत, डा. दीपा रावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संपत सिंह रावत, वासुदेव कंडारी, गणेश भट्ट, प्रमिला भंडारी, पूजा गौतम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन सहित आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राखी धनाई और अनिल गोदियाल ने किया। (एजेंसी)

# मजदूरों के परिवारों ने डीएम आवास के बहार की भूख हड़ताल

**रुद्रपुर(सं)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के आदेश को लागू कराने की मांग को लेकर इंटेरार कंपनी सिडकुल पंतनगर और किच्छा के मजदूरों के परिवारों की महिलाओं ने इंटरार्क मजदूर संगठन के बैनर तले आंबेडकर पार्क रुद्रपुर से डीएम आवास तक पदयात्रा निकाली गई। इसके बाद डीएम आवास के बहार सामुहिक रूप से एक दिवसीय भूख हड़ताल की। रविवार को मजदूरों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत ने 11 फरवरी 2023 में जिला प्रशासन की मध्यस्थता में संपन्न हुए त्रिपक्षीय समझौते में कहा गया था कि 15 दिसंबर 2022 को हुए 64 निलंबित मजदूरों में से 34 मजदूरों की घरेलू जांच कराने के आदेश दिया था। जांच के दौरान और पश्चात नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जाएगा। आरोप था कि कंपनी प्रबंधन ने 34 मजदूरों में से 11 मजदूरों की एकतरफा घरेलू जांच कार्रवाई करके उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। वहीं शेष मजदूरों की अब तक भी मूल नियोजक कंपनी में कार्यबहाली नहीं की गई है। 34 मजदूरों को इस बार बोनस भी नहीं दिया गया है।

जोकि राष्ट्रीय लोक अदालत के आदेश की घोर अवमानना है। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत ने एसे ही 12 अन्य दूसरे मामलों में भी इसी तरह के 12 आदेश पारित किए थे। आरोप था कि 9 माह से भी अधिक समय बीतने के बाद भी कंपनी प्रबंधन आदेशों को लागू नहीं कर रही है। साथ ही जिला प्रशासन उन्हें लागू नहीं कराया रहा है।

इस दौरान इंटरार्क मजदूर संगठन के अध्यक्ष दलजीत सिंह, महामंत्री सौरभ कुमार, इंटरार्क मजदूर संगठन किच्छा के अध्यक्ष हृदेश कुमार, महामंत्री पान मुहम्मद, इंकलाबी मजदूर केंद्र के कैलाश भट्ट, ठेका कल्याण समिति पंतनगर के अभिलाख सिंह, टीवीएस लुकास के हरिश अधिकारी, श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, मजदूर सहयोग केन्द्र के विजय सिंह, समता सैनिक दल के गोपाल जी, परिवर्तन कामी छात्र संगठन के चंदन, जोशना साहु आदि लोग मौजूद रहे।

## उद्यमी अनूप पर रंगदारी को धमकाने का दूसरा केस दर्ज

**काशीपुर(सं)।** शराब कारोबारी वरुण अग्रवाल की पत्नी नेहा अग्रवाल ने उद्यमी अनूप अग्रवाल पर धमकाकर करीब तीन करोड़ रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में कोर्ट रोड आनंद होम्स निवासी नेहा अग्रवाल ने कहा है कि उसके और उसके पति वरुण अग्रवाल का शराब व्यवसाय है। इसके लिए उसने काशीपुर अर्बन कोपरेटिव बैंक में कुमाऊंवाइन नाम से चालू खाता खोला है। इस खाते में रोजडेल कॉलोनी निवासी अनूप अग्रवाल पुत्र केशव शरण अग्रवाल की प्रॉपर्टी गांरटर के रूप में रखी हुई है। आरोप है कि इसी बात का फायदा उठाकर अनूप ने उनसे बार-बार रुपये मांगे। डेढ़ साल के अंतराल में वह अनूप को तीन करोड़ रुपये का भुगतान कर चुके हैं।

# यू-सेट परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया को वेब पोर्टल लांच, असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए जरूरी

**नैनीताल(सं)।** शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने शनिवार को राज्य पात्रता परीक्षा (यू-सेट) की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन को लेकर वेब पोर्टल लांच कर दिया है। प्रदेश में सहायक प्राध्यापक पदों के लिए कराई जाने वाली पात्रता परीक्षा यू-सेट के पोर्टल को कुमाऊंविश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में लांच किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की।

पोर्टल को लांच करते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों में सहायक प्रध्यापक के पद पर नौकरी तलाश रहे युवाओं के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। प्रदेश में लंबे समय के बाद यू-सेट की परीक्षा आयोजित होने जा रही है। लिहाजा इस परीक्षा में प्रदेशभर के हजारों छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र के अनुपालन में राज्यधीन महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के पदों के लिए यू-सेट की परीक्षा कुमाऊंविश्वविद्यालय की ओर से कराई जा रही है। इससे पूर्व ये परीक्षा वर्ष 2017 में आयोजित कराई गई थी। 6 वर्षों बाद परीक्षा कराई जा रही है। उम्मीदवार यू-सेट की वेबसाइट ँ३३स्र://६६६.४ री३इल्ल८ल्ली.ङ्क.ल्ल/ एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट ६६६.'४ल्लं३'.ल्ल के जरिए फॉर्म भर सकते हैं। यू-सेट 2024 परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक की गई है। नैनीताल, अल्मोड़ा, पंतनगर, हल्द्वानी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, गोपेश्वर, टिहरी गढ़वाल, श्रीनगर गढ़वाल, देहरादून, हरिद्वार, रुड़की, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और कोटद्वार को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

जल्द शुरू हो सकती है शिक्षक भर्तीः आपको बता दें कि राज्य पात्रता परीक्षा का पोर्टल लॉन्च होने के बाद अब अगले चरण में असिस्टेंट प्रोफेसर की रिक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया जा सकता है। लेकिन इससे पहले यूएसईटी 2024 को पूरा किया जाएगा।

# कार्तिक स्वामी में भव्य तरीके से मनाई गई देव दीपावली

रुद्रप्रयाग। क्रौंच पर्वत पर स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में देव दीपावली धूमधाम से मनाई गई। बीते शनिवार रात्रि को भगवान कार्तिक की चार पहर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली व विश्व कल्याण की कामना की गई। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने क्रौंच पर्वत पर पहुंचकर पुण्य अर्जित किया। हर साल की तरह इस वर्ष भी बैकुंठ चतुर्थदशी के अवसर पर कार्तिक स्वामी मंदिर में देव दीपावली मनाई गई। मंदिर में 351 दीप जलाकर चारों ओर से रोशन किया गया। रुद्रप्रयाग व चमोली जिले की स्वांरी ग्वांस, पोगठा, बाडव, उखोली, फलासी विभिन्न गांवों की कीर्तन मंडलियों ने मंदिर में पहुंचकर अपनी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। ठीक नौ बजे प्रथम पहर की आरती से भगवान विष्णु की महिमा सहित तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। कीर्तन मंडली सहित विभिन्न गांवों की महिलाओं की धार्मिक भजनों की प्रस्तुत भी सराहनीय रही। दूसरे पहर की आरती में भगवान शंकर, तृतीय पहर की आरती में भगवती भवानी तथा चौथे पहर की



आरती में भगवान कार्तिक स्वामी की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान मंदिर में 41 निःसन्तान दम्पतियों ने रातभर हाथों में दीपक जलाकर संतान प्राप्ति की कामना की। रविवार को पुजारी ने कार्तिक मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर जलाभिषेक व आरती की। इस दौरान हवनकुंड में जौ-तिल व घी की आहुतियां भी डाली गई।

अंत में सभी भक्तों ने पूर्णाहुति के साथ देव दीपावली का समापन किया गया। कार्तिकेय मंदिर समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न नेगी ने सभी भक्तों के साथ मंदिर समिति के सभी कार्यकर्ताओं आभार व्यक्त किया। कुमार कार्तिकेय का उत्तर भारत का एक मात्र मंदिर हैं। प्रतिवर्ष यहां जून माह में महायज्ञ का आयोजन के साथ कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली मनाने की परम्परा भी है।

# घनसाली के बेलेश्वर में वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

नई टिहरी। बालगंगा सेवा निवृत एवं वरिष्ठ नागरिक समिति के तत्वावधान में बेलेश्वर में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन श् शुरु हुआ। प्रतियोगिता में भिलंगना ब्लॉक की 10 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। रविवार को भिलंगना के बेलेश्वर में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह एवं ब्लाक प्रमुख बसुमती घनाता ने रिबन काट कर संयुक्त रुप से किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच देवल और गनगर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें देवल की टीम विजेता रही। विधायक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है,खेल खेलने व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। कहा युवा खेल के माध्यम से अपने कैरियर बनाकर देश विदेश में अपना, क्षेत्र और प्रदेश का नाम ऊंचा कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि प्रतियोगिता में जो टीम विजेता बनेगी उसे समिति के माध्यम से 12 हजार रुपये की नगद धनराशि प्रदान की जाएगी। विधायक ने बालगंगा सेवा निवृत वरिष्ठ नागरिक समिति एंव नागराजा स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारियों को प्रतियोगिता के आयोजन हेतु शुभाकामना दी। मौके पर प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल,गोविन्द सिंह राणा,चंद्र किशोर मैठाणी, भाजपा नेता आनंद बिष्ट, समिति अध्यक्ष चंदन सिंह पोखरियाल,सचिव उम्मेद सिंह चौहान,सभाषद ताजवीर रावत, प्रताप राणा,हुकम सिंह रावत,लक्ष्मण सिंह कैंतुरा आदि उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर अम्बेडकर को किया याद

नई टिहरी। संविधान दिवस पर बसपाइयों ने आम्बेडकर पार्क में पहुंचकर संविधान निर्माता डा भीमराव आम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर बसपा के प्रदेश सचिव सुशील पांडे ने कहा कि डा आम्बेडकर की दूरदर्शिता से संविधान में दलितों, पिछड़ों व अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान के लिए व्यवस्था की गई। उन्होंने संविधान में देश के सभी निहितार्थों का समावेश किया। जिसका परिणाम है कि देश का संविधान देश के सबसे बड़े लोकतंत्र का चलाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर बसपाइयों ने दलितों, पिछड़ों व कमजोर वर्ग से अपील की, कि अपने अधिकारों के लिए निरंतर जागृत रहें।

# बेरोजगार महासंघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार की जमानत पर 28 नवंबर को होगा फैसला

देहरादून। बेरोजगार महासंघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार व उनके साथियों की जमानत रद होगी या नहीं इस पर कोर्ट 28 नवंबर को फैसला सुनाएगी। इस मामले में शनिवार को बचाव पक्ष ने अपने तर्क पेश किए हैं। पुलिस का कहना है कि बॉबी पंवार ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। जबकि, बचाव ने कई तर्क रखकर बताया कि बॉबी पंवार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिससे जमानत की शर्तों का उल्लंघन हो। बॉबी पंवार के नेतृत्व में नौ फरवरी को युवाओं ने गांधी पार्क के सामने प्रदर्शन किया था। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया। इसके बाद बॉबी पंवार और उनके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उस वक्त न्यायालय ने बॉबी पंवार को इस शर्त पर जमानत दी थी कि वह किसी उग्र आंदोलन में भाग नहीं लेंगे। लेकिन, पुलिस ने बागेश्वर, त्यूणी और देहरादून के कुछ आंदोलनों में भाग लेने को आधार बनाया और उनकी जमानत रद्द करने की मांग की। इस पर कोर्ट ने गत दो नवंबर को सुनवाई की थी। कोर्ट से बचाव पक्ष ने वक्त मांगा था। इस मामले में अब शनिवार को दोनों पक्षों के बीच बहस की। बचाव की ओर से अधिवक्ता शिवा वर्मा ने कोर्ट को बताया कि पुलिस बॉबी पंवार की फेसबुक पोस्ट को आधार बना रही है। जबकि, उसमें ऐसा कुछ नहीं है कि आंदोलन उग्र हो रहा हो। दूसरी फोटो मीडिया से बातचीत की है। इसमें भी शर्त का उल्लंघन नहीं हो रहा है। उन्होंने शाहीन बाग के विषय में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी नजीर के तौर पर पेश किया, जिसमें शांतिपूर्ण आंदोलन को अभिव्यक्ति की आजादी से जोड़कर बताया गया था। इन नजीरों और दलीलों को सुनने के बाद फैसले के लिए कोर्ट ने 28 नवंबर की तिथि मुकर्रर की है।

# बुढ़ना में लस्या महोत्सव में चक्रव्यूह का मंचन

रुद्रप्रयाग। विकासखण्ड जखोली के राजकीय इण्टर कालेज बुढ़ना प्रांगण में लस्या महोत्सव 2023 का भव्य आयोजन किया गया,जिसमें प्रसिद्ध रंगकर्मी डा.राकेश भट्ट द्वारा निर्देशित लोक नाट्य चक्रव्यूह का भव्य मंचन किया गया। महोत्सव में लस्या पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों को लस्या गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में पहली बार आयोजित लस्या महोत्सव एक अनोखी पहल है,जिसे भविष्य में भी हर वर्ष आयोजित कर हर क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उचित सम्मान व प्रेरणा देने का कार्य किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल ने लस्या महोत्सव आयोजित करने पर सभी जनप्रतिनिधियों व जनता को बधाई देते हुए अगली बार ओर भव्य रूप से



आयोजित करने की बात कही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने अध्यक्षा करते हुए सभी का साधुवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक रहे डा.महेश भट्ट ने प्रेरणादायक व्याख्यान से लोगों को प्रेरित किया है। कार्यक्रम संयोजक विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह भंडारी ने कहा है कि लस्या महोत्सव आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना है।

# सोलर हीटर संयंत्र लगाने पर मिलेगी 50% सब्सिडी, सरकार देगी प्रोत्साहन

देहरादून। प्रदेश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सोलर वाटर हीटर संयंत्र लगाने को सब्सिडी योजना शुरू कर दी है, जिसमें घरेलू उपभोक्ताओं को 100 से 500 लीटर प्रतिदिन क्षमता के संयंत्र लगाने पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि गैर घरेलू उपभोक्ताओं को 500 से 2000 लीटर क्षमता के संयंत्र लगाने 30 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।

केंद्र सरकार ने सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए सोलर वाटर हीटर संयंत्र लगाने की योजना चलाई थी। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं 60 प्रतिशत और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत सब्सिडी दी गई।

2014 के बाद योजना बंद की गई। प्रदेश सरकार ने बिजली की खपत को कम करने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए दोबारा से योजना शुरू की है।

ग्रिड बिजली की खपत में कमी आएगीः घरेलू उपभोक्ता अपने घरों में 100 से 500 लीटर क्षमता के सोलर वाटर हीटर संयंत्र स्थापित कर 50 प्रतिशत सब्सिडी ले सकते हैं। व्यावसायिक उपभोक्ताओं को होटल और अन्य आवासीय भवनों में 500 से 2000 लीटर क्षमता के संयंत्र लगाने पर 30 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे ग्रिड बिजली की खपत में कमी आएगी।

साथ ही कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कम होगा। योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवेदनों को स्वीकृति दी जाएगी। सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने योजना लागू करने के लिए शासनादेश जारी किया है।

# चाय बगान के पास नाली में महिला और पुरुष के शव मिले

देहरादून। हेमलता कोठियों में खाना बनाती थी। जबकि सुनील सेना से सेवानिवृत्त है। सुबह सैर पर निकला संदीप जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। मोबाइल लोकेशन के आधार पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।चाय बगान प्रेमनगर में एक महिला और पुरुष का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस अभी इसे आत्महत्या मान रही है। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि पुरुष अपने घर से सुबह के वक्त टहलने निकला था। लेकिन, जब काफी समय बाद नहीं लौटा तो परिजन वहां पहुंच गए। उसके बगल में एक महिला का भी शव था। घटना चाय बगान के दारु चौक की है। मृतक पुरुष का नाम संदीप मोहन धस्माना निवासी अंबीवाला है। जबकि, महिला का नाम हेमलता निवासी पीतांबरपुर है। हेमलता कोठियों में खाना बनाती थी। जबकि सुनील सेना से सेवानिवृत्त है।

संदीप सुबह करीब साढ़े पांच बजे घर से सैर के लिए निकला था। इसके बाद जब वापस नहीं आया तो परिजनों और पुलिस ने तलाश की। मोबाइल लोकेशन दारू चौक की आई तो सब वहां पहुंचे। दोनों के शव एक दूसरे से लिपटे हुए नाली में पड़े थे। नाली में पानी था।

# दुग्ध संघ चुनाव में प्रत्याशी तय करने हेतु तीन नामों का पैनल होगा तैयार, बनाई गई रणनीति

देहरादून। दुग्ध संघों के चुनाव के लिए प्रदेश पर्यवेक्षक बनाए गए भाजपा का पूर्व मंत्री व विधायक बिशन सिंह चुफाल ने कहा कि 11 में से नौ संघों के चुनाव की रणनीति बना ली गई है। इन चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी तय करने के लिए तीन नामों का पैनल तैयार होगा।

इसके लिए जल्द पर्यवेक्षक जिलों का दौरा करेंगे और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मिलकर पैनल तैयार करेंगे। भाजपा ने सरकारी योजनाओं से दुग्ध काश्तकारों को मिलने वाले लाभ के आधार पर दुग्ध संघों के चुनाव जीतने का दावा किया है। पार्टी मुख्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और दुग्ध संघों के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक बिशन सिंह चुफाल ने तैयारी के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक ली है।

## सामान्य वर्ग के लिए 50 फीसदी अनुदान

बैठक के बाद चुफाल ने कहा कि प्राथमिक समिति के सदस्य और उनके अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हो गए हैं। आगे कुल 11 दुग्ध संघों में से नौ संघों के अध्यक्ष के चुनाव होने हैं, जिसकी तैयारी पर बैठक में मंथन हुआ। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिलों में जाकर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठकें होंगी और प्रत्याशियों के नामों पर विचार होगा। तीन नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व को सौंपा जाएगा।

कहा, केंद्र और प्रदेश सरकार की दुग्ध प्रोत्साहन योजना का बड़ा लाभ हमारे काश्तकारों को मिला है। पहाड़ में पशुधन रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन है। आज भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए दुग्ध व्यवसाय जीवनयापन की कड़ी है।

हमारी सरकार महिला डेयरी के लिए 70 फीसदी और सामान्य वर्ग के लिए 50 फीसदी अनुदान दे रही है। कहा, सरकार की पालतू जानवरों के चारे को लेकर 75 फीसदी की छूट और जानवरों की खरीद के लिए 50 हजार रुपये की मदद काश्तकारों के जीवन ने बड़ा बदलाव ला रही है। छोटे किसानों और पशुपालकों के लिए केंद्र और राज्य सरकार ऐसी ही योजनाएं दुग्ध संघ ने पार्टी प्रतिनिधित्व बढ़ाने में साबित होने वाली हैं। बैठक में अन्य पर्यवेक्षक उमेश त्रिपाठी व राम मेहरोत्रा समेत संबंधित जिलों के अध्यक्ष शामिल हुए।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन **16:00** बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 227-DRM-MB-23-24<br>25.11.2023 |
| कार्य का नाम | Hiring and operating of 11 nos MUV of loading capacity of 1 MT with seating capacity of 04/06 persons including USFD machine for SSE/P.Way/USFD team at RK,NBD, MB, CH, BE, HRI-1 & II, HPU, HW, GJL & SPN over MB division under Sr DEN/Track/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 19.12.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,62,93,767.49 |
| निविदा की कीमत | 5,000.00 |
| धरोहर राशि | 2,31,500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05.12.2023 |
| आफर की वैधता | 90 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 25.11.2023 3724/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## सुरक्षा तंत्र पर हावी अपराध


किसी भी प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन उस राज्य के उन खास शहरों से लगाया जाता है जो विकास की दौड़ में सबसे आगे कहे जाते हैं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्मार्ट सिटी बनने की ओर अग्रसर है और तमाम सरकारी कार्यालय, मुख्यमंत्री आवास से लेकर सचिवालय व अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान देहरादून की शोभा बढ़ाते हैं। इधर बात करें देहरादून की सुरक्षा व्यवस्था की तो राजधानी की हालात ही शायद सबसे अधिक दयनीय है। स्मार्ट सिटी बनने के साथ–साथ इस जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को भी पटरी पर लाना बेहद जरूरी है। इससे बड़ा दुस्साहस वाला और क्या होगा की दिनदहाड़े राजधानी के हृदय स्थल पर स्थित एक कंपनी के शोरूम से 14 करोड़ से भी अधिक के जेवरात लूट लिए जाते हैं और बदमाश आसानी से फरार हो जाते हैं। वह भी उस वक्त जब राष्ट्रपति जनपद के दौरे पर हो और तमाम पुलिस अमला एक टांग पर खड़ा सुरक्षा की बीन बजा रहा हो। जैसे तैसे पुलिस ने दिन–रात एक कर अपनी फजीहत बचाने के लिए लूट में शामिल कुछ बदमाशों को सलाखों के पीछे भेजने का काम तो किया लेकिन ज्वेलरी की बरामदगी हुए बिना खुलासा वैसा ही साबित हुआ जैसे बिना चीनी की चाय। दिनदहाड़े होने वाली ऐसी घटनाएं उस स्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल तो खड़े करती ही है साथ ही आल्हा अधिकारियों के दावों की पोल भी खोलती है। सुरक्षा की बात करें तो अभी इस घटना का पर्दाफाश आधा अधूरा चल रहा था कि विकासनगर में दिनदहाड़े जमीनी विवाद में एक व्यक्ति को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया गया। "कोड में खाज" की तरह एक के बाद एक होती घटनाओं के बाद एक टांग पर समूचा पुलिस तंत्र आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भाग दौड़ करता रहा और अंततः चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह घटनाएं भले ही पुलिस की मेहनत को एक सकारात्मक मोड पर भी ले जाती है, लेकिन पुलिस प्रबंधन को जरूर कटघरे में खड़ा करती हैं। दिनदहाड़े होने वाली घटनाओं पर अंकुश तभी लग सकता है जब सुरक्षा तंत्र की बुनियाद मजबूत होगी। इसके लिए सुधार भी बुनियादी स्तर पर ही करना होगा, जिसमें प्रशिक्षण से लेकर मानसिक तौर पर पुलिसकर्मियों को सुदृढ़ तौर पर तैयार करने की जरूरत है। आज तमाम नवीनतम तकनीक पुलिस प्रयोग में ला रही है और वह वक्त नहीं भूलना चाहिए जब मुखबिरों के सटीक तंत्र के भरोसे घटनाओं का खुलासा किया जाता था। प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सर्वप्रथम बड़े महानगरों की सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली मजबूत होनी चाहिए और अपराधियों से लेकर आम व्यक्ति में पुलिस का कम से कम इतना खौफ तो होना ही चाहिए कि किसी भी अपराध को करने से पूर्व लोगों में अंजाम का भय भी कायम रहे।

# लाभार्थी मतदाताओं की अकथ कहानी

**हरिशंकर व्यास**

भारत में हमेशा मतदाताओं को कई समूह रहे हैं। अलग अलग पार्टियां अलग अलग समूहों को टारगेट करती हैं। अल्पसंख्यक मतदाताओं का एक बड़ा समूह है, जिसके तुष्टिकरण का आरोप लगा कर भाजपा ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। हिंदुत्व का एक मतदाता समूह है, जो पहले भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी, शिव सेना आदि पार्टियों के साथ रहता है। पिछड़ी जातियों का एक समूह है, जो मंडल की राजनीति के बाद प्रादेशिक समाजवादी पार्टियों के साथ रहता है तो दलित जातियों का एक मतदाता समूह है, जो पहले कांग्रेस के साथ जाता था और फिर उसकी क्षमता को समझ कर कांशीराम व मायावती ने बहुजन समाज पार्टी बनाई, जिसके साथ जाने लगा। आदिवासी मतदाता समूह अलग है तो राज्यों में कहीं जाट, कहीं मराठा, कहीं रेड्डी, कहीं लिंगायत तो कहीं वोक्कालिगा का मतदाता समूह है। लेकिन अब लाभार्थी मतदाताओं का एक समूह बन गया है।

ऊपर बताए गए सभी समूहों में लाभार्थी मतदाता हैं। गरीब भी और मध्य वर्ग के लोग भी लाभार्थियों की सूची में आते हैं। देश की 90 फीसदी आबादी को कोई न कोई छोटाझ्र मोटा लाभ मिल रहा है। 10 फीसदी के अंदर दोझ्रतीन फीसदी का एक समूह ऐसा है, जिसे इन घोषित लाभों में से कुछ नहीं मिलता है लेकिन देश के संसाधनों के बड़े हिस्से पर उसका नियंत्रण होता है। बहरहाल, देश की एक बड़ी आबादी ऐसी है, जिसे पार्टियों की ओर से दी गई सारी गारंटियों के लाभ मिल रहे हैं। सोचें, तब फिर उसे कोई भी काम करने की क्या जरूरत है? आज अगर कोई परिवार चाहे तो बिना कोई काम किए आराम से गुजरझ्रबसर कर सकता है। लेकिन वह सिर्फ गुजरझ्रबसर होगी। न तो उसका जीवन स्तर सुधरेगा और न देश का




स्तर सुधरेगा।

कल्पना करें किसी परिवार को सारी गारंटियों का पूरा लाभ मिले तो क्या तस्वीर बनेगी? अगर पांच लोगों का परिवार है तो उसे 25 किलो अनाज पूरी तरह मुफ्त में मिलेगा। राज्य सरकारें भी इसी अनुपात में मुफ्त में अनाज देती हैं। इसका मतलब है कि पांच आदमी के परिवार को 50 किलो अनाज मिल जाएगा। कई राज्यों में तेल, दाल और नमक भी दिए जाते हैं, खासकर चुनावों के समय। हालांकि जरूरी नहीं है कि वह इस अनाज से खाना बना कर खाए। क्योंकि कहीं अम्मा रसोई है तो कहीं इंदिरा रसोई है, जहां पांच रुपए, 10 रुपए में खाना मिल रहा है। अगर वह खाना बना कर खा भी रहा है तब भी उसके पास काफी मात्रा में अनाज बच जाता है। सो, कच्चे अनाज का बड़ा हिस्सा खुले बाजार में बिकने के लिए पहुंच जाता है।

अगर परिवार में दो वयस्क महिलाएं हैं तो ढाई से तीन हजार रुपए नकद खाते में आ जाएंगे। अगर दो लोग किसान के तौर पर रजिस्टर्ड हैं तो एक हजार रुपया उसका महीना आ जाएगा। अगर एक बुजुर्ग सदस्य है तो उसे वृद्धावस्था का और अगर कोई बेरोजगार है तो उसे बेरोजगारी भत्ता के नाम पर भी कुछ पैसे मिल जाते हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो उसे पढ़ाई के साथ साथ पोशाक और खाना मुफ्त में मिलता है और हर साल कुछ पैसे भी मिलते हैं। अगर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन जाए तो नर्सरी से ही बच्चों को हर महीने नकद पैसे मिलने लगेंगे। घर में मुफ्त में बिजली आ रही है और उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन मिला हुआ है तो बहुत मामूली कीमत पर सिलेंडर भी मिल रहा है। इलाज के लिए हर राज्य ने बीमा सेवा शुरू कर रखी है, जिससे जो लोग सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं कराते वे निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा लेते हैं। कई जगह अस्पतालों और बीमा कंपनियों की मिलीभगत से जो खेल चल रहा है वह अलग है।

सस्ते कर्ज की मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना, छात्र क्रेडिट कार्ड योजना से पैसे लेकर उसका इस्तेमाल अलग हो रहा है। कहीं शौचालय बनाने का पैसा आ गया तो कहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसा आ गया।

शौचालय और आवास की योजना में पंचायतों में प्रमुखों के साथ मिल कर पैसे का जैसा बंदरबांट होता है उसका हिसाब नहीं है। इसी तरह मनरेगा की योजनाओं में होता है। मुखिया और लाभार्थी की साझा समझदारी से जियो और जीने दो का खेल चलता है। कुल मिला कर एक परिवार को खाने की जरुरत से ज्यादा अनाज और पांच से आठझ्रदस हजार रुपए तक महीना मिल जाता है या अगले कुछ दिनों में मिलने लगेगा। इस समूह में बड़ी आबादी ऐसी है, जिसके पास कोई काम नहीं है और न उसे कोई काम करने की जरूरत महसूस होती है। सोचें, इजराइली बौद्धिक युवाल नोवा हरारी और अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क कह रहे हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की वजह से दुनिया की बड़ी आबादी बेमतलब हो जाएगी। उसके पास कोई काम नहीं होगा। लेकिन भारत में तो उससे पहले ही करोड़ों लोग उस दशा में पहुंच गए हैं! बेगारी दिमाग के बेगारी करोड़ों लोग!

# वरुण गांधी की कविता का क्या मतलब है?

भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने अपने चुनाव क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में एक तुकबंदी पढ़ी। उन्होंने कहा– तुम्हारी मोहब्बत में हो गए फना, मांगी थी नौकरी मिला आटा, दाल, चना। भाजपा के एक सांसद का इस तरह तंज करना मामूली बात नहीं है। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन बेरोजगारी की दर देश में बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ही देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में पांच किलो अनाज बांट रहे हैं। पिछले साल चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार एक एक किलो दाल भी बांट रही थी। इन दोनों बातों का मजाक वरुण ने उड़ाया।सवाल है कि इसक राजनीतिक मतलब क्या है? क्या सुल्तानपुर से भाजपा के सांसद वरुण गांधी अपनी स्वतंत्र राजनीति का रास्ता बना रहे हैं? यह सही है कि भाजपा के प्रवक्ता अभी उनका नाम लेकर उनकी आलोचना नहीं कर रहे हैं लेकिन सबको पता है कि वे जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह रास्ता उनको भाजपा से दूर ले जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले उनकी मां मेनका गांधी को दूसरी बार मंत्री नहीं बनाया और वरुण गांधी को भी सरकार में शामिल नहीं किया। उनको पार्टी संगठन में भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। पिछले दिनों वे केदारनाथ की यात्रा के दौरान राहुल गांधी से भी मिले और दोनों के बीच कोई 45 मिनट तक बातचीत हुई। उस मुलाकात के बाद ही भाजपा सरकार की नीतियों के ऊपर वरुण का हमला हुआ। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि वे कांग्रेस में जा सकते हैं। लेकिन यह जरूर है कि वे भाजपा से अलग राजनीति करने का रास्ता बना रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे अलग राजनीति अपनी पार्टी बना कर करते हैं या बिना पार्टी के करते हैं या किसी पार्टी से जुड़ कर करते हैं।

# खत्म होगा यूक्रेन युद्ध?

व्लादीमीर पुतिन की यह टिप्पणी इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यूक्रेन के समर्थक पश्चिमी देशों– खासकर अमेरिका में भी युद्ध खत्म कराने के उपायों पर चर्चा होने लगी है। वहां ये आम धारणा बन गई है कि यूक्रेन अब जीत सकने की स्थिति में नहीं है।

अध्यक्ष भारत की पहल पर हुई जी–20 के नेताओं की ऑनलाइन बैठक में दिया गया रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन का भाषण इस लिहाज से अहम रहा कि उसमें उनकी तरफ से पहली बार 'यूक्रेन की त्रासदी' का अंत करने की चर्चा की गई। पुतिन ने कहा– 'निश्चित तौर पर सैनिक कार्रवाईयां हमेशा ही त्रासद होती हैं। और अब निश्चित रूप से हमें यह सोचना चाहिए कि ये त्रासदी कैसे रुकेगी। जहां तक रूस का सवाल है, उसने यूक्रेन के साथ शांति वार्ता से कभी इनकार नहीं किया है।' पुतिन की यह टिप्पणी इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यूक्रेन के समर्थक पश्चिमी देशों– खासकर अमेरिका में भी युद्ध खत्म कराने के उपायों पर चर्चा होने लगी है। वहां ये आम धारणा बन गई है कि यूक्रेन अब जीत सकने की स्थिति में नहीं है। इस वर्ष गर्मियों में उसने नाटो (उत्तर अटालांटिक संधि संगठन) के पूरे समर्थन जो जवाबी हमला किया, वह एक गलत दांव साबित हुआ। उसमें उसके हजारों सैनिक मारे गए और वह अपना एक भी सैनिक लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया। इसको लेकर यूक्रेन में मतभेद गहराते चले गए हैं।

इसी दौरान राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की ने देश के सेना प्रमुख को बर्खास्त कर दिया। चूंकि यूक्रेन के जरिए रूस को परास्त करने की रणनीति अब कामयाब होती नहीं दिखती, इसलिए अमेरिका में यूक्रेन को आगे और मदद देने के सवाल पर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी अब किसी सहायता प्रस्ताव को समर्थन देने के मूड में नहीं है। वहां के कुछ रणनीतिकारों ने टीवी चर्चाओं में आकर यूक्रेन को सलाह दी है कि वह अपने गंवाए इलाकों को वापस पाने की बात छोड़ दे और फिलहाल जितना उसके पास है, उसे बचाने की चिंता करे।

जाहिर है, पुतिन ने इस स्थिति को अपने लिए अनुकूल माना है। इसके मद्देनजर उन्होंने ऐसा बयान दिया है, जिसे शांति वार्ता की परोक्ष पेशकश समझा जा सकता है। जेलेन्स्की को इस प्रस्ताव मंजूर होगा या नहीं, कहना कठिन है। लेकिन अमेरिकी नेतृत्व ने अगर इस मसले से निकलने का मन बनाया, तो संभवतः उनके पास कोई और विकल्प भी नहीं रह जाएगा।

## सोचे, क्या यह मनुष्य विकास है?

**हरिशंकर व्यास**

इसके अलावा चुनाव के समय जो नकदी बंटती है वह अलग है। अभी तक पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में करीब दो हजार करोड़ रुपए की नकदी, शराब और दूसरी चीजें पकड़ी गई हैं। जब दो हजार करोड़ रुपए नकद और सामान पकड़े गए हैं तो इससे 10 गुना जरूर बंटे होंगे। चुनाव के समय ऐसे लाभार्थियों का एक नया समूह बनता है। कुल मिला कर एक छोटा सा वर्ग है, जो अपनी सामाजिक नैतिकता और महत्वाकांक्षा के लिए काम , परिश्रम, पुरषार्थ करता है या काम करना चाहता है। लोग पूछते हैं कि भारत में महंगाई को लेकर लोगों में नाराजगी क्यों नहीं दिखती है या बेरोजगारी को लेकर क्यों नाराजगी नहीं है तो उसका कारण यह है कि महंगाई, बेरोजगारी या कम आय को लेकर जिस वर्ग में नाराजगी हो सकती है वह बहुत छोटा है। उसमें भी एक बड़े वर्ग को धर्म की अफीम चटा दी गई है। मुसलमानों से खतरा पैंठा दिया गया।तो बड़ा और बहुसंख्यक वर्ग ऐसा है, जो महंगाई और बेरोजगारी से अप्रभावित है। यह देश की 60 फीसदी से ज्यादा आबादी है। इसमें से बड़ा समूह जाति निरपेक्ष है। उसमें से आधे लोग भी जिसे वोट दे दें उसकी सरकार बन जाएगी। आधे से कम भी दें और उसमें मध्य वर्ग के वोट का एक हिस्सा जुट जाए तब भी सरकार बन जाएगी। तभी किसी भी पार्टी को कोई काम करने, रोडमैप बनाने, विजन दिखाने, देश का विकास करने की भला क्या जरूरत है?

## पहली खेप में किसी भी अमेरिकी को रिहा नहीं किए जाने पर बाइडेन की आलोचना

**वाशिंगटन ,एजेंसी** । पहली खेप में किसी भी अमेरिकी को रिहा नहीं किए जाने पर जीओपी सांसदों के नेतृत्व में अमेरिकी लोगों के एक वर्ग ने अपने गुस्से और हताशा को व्यक्त किया व राष्ट्रपति बाइडेन की आलोचना की। मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया है।

हमास ने एक समझौते के तहत 13 इजरायलियों को मुक्त कर दिया। चार दिवसीय युद्धविराम के दौरान 50 बंधकों को रिहा किया जाना है। इसके बदले में इजरायली जेलों में बंद 150 फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जाएगा। न्यूजवीक की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को रिहा किए गए लोगों में से कोई भी अमेरिकी नहीं शामिल होने पर कुछ रूढ़िवादी सांसद नाराज हो गए, जिन्होंने बाइडेन की आलोचना की।

अपनी प्रतिक्रिया में रूढ़िवादी टिप्पणीकार कारमाइन सबिया ने एक्स पर लिखाः कहा जाता है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इज़राइल और हमास के साथ बंधकों के लिए सौदा किया और किसी भी अमेरिकी को इसमें शामिल नहीं किया गया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक ग्राहम एलन ने पोस्ट कियाः मुझे कैसे पता चलेगा कि जो बाइडेन कमजोर हैं? आज किसी भी अमेरिकी को रिहा नहीं किया गया। अगर यह ट्रंप होते, तो वे अपने परिवारों के साथ धन्यवाद ज्ञापन करते।

## पूरे यूरोप में वायु प्रदूषण का स्तर अभी भी बहुत अधिक : यूरोपीय संघ की रिपोर्ट

**कोपेनहेगन ,एजेंसी**। यूरोपीय संघ (ईयू) पर्यावरण एजेंसी ने एक रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि वायु प्रदूषण वर्तमान में यूरोप में सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम कारक है। यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी (ईईए) ने रिपोर्ट में कहा, 2021 में वायु प्रदूषक सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अपने वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों में अनुशंसित स्तरों से काफी ऊपर रही। इसमें कहा गया है, वायु प्रदूषण को इन दिशानिर्देश स्तरों तक कम करने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में महत्वपूर्ण संख्या में होने वाली मौतों को रोका जा सकेगा।

रिपोर्ट में पाया गया कि 2021 में यूरोपीय संघ के भीतर 320,000 से अधिक मौतें तीन मुख्य वायु प्रदूषक सूक्ष्म कण पदार्थ, ओजोन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड से संबंधित थीं। इसमें कहा गया है कि अगर सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम2.5) की सांद्रता डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप होती तो यूरोपीय संघ में 253,000 मौतों को टाला जा सकता था।

## जनता के आशीर्वाद से 'आप' एक राष्ट्रीय पार्टी बनी : केजरीवाल

**नयी दिल्ली ,(एजेंसी)**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी(आप) को जनता ने अपने प्यार और आशीर्वाद से राष्ट्रीय पार्टी में बदल दिया है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा आज ही के दिन साल 2012 में देश के आम आदमी ने उठकर अपनी खुद की पार्टी 'आम आदमी पार्टी' की स्थापना की थी। तब से लेकर आज तक इन 11 साल में बहुत उतार-चढ़ाव आए, बहुत मुश्किलें भी आई लेकिन हम सबके जज़्बे और जुनून में कोई कमी नहीं आई है उन्होंने कहा एक छोटी सी पार्टी को आज जनता ने अपने प्यार और आशीर्वाद से एक राष्ट्रीय पार्टी में बदल दिया है, जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम सब अपने मज़बूत इरादों के साथ आगे बढ़ते रहेंगे और जनता के लिए काम करते रहेंगे उन्होंने आखिर में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी की स्थापना 26 नवंबर 2012 को हुई थी।

# राष्ट्रपति और संसद भवन जैसी होगी राममंदिर की सुरक्षा, बंदूक नहीं आधुनिक उपकरणों का होगा इस्तेमाल

**अयोध्या, एजेंसी**। राममंदिर की सुरक्षा राष्ट्रपति व संसद भवन की तर्ज पर होगी। सुरक्षा का प्लान सीआईएसएफ ने तैयार किया है। इस प्लान में आठ बिंदुओं पर खास फोकस किया गया है। राममंदिर की सुरक्षा में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों का ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा। परिसर में बंदूकधारी कम नजर आएंगे, बावजूद इसके सुरक्षा अभेद्य होगी। सीआईएसएफ ने प्रदेश सरकार को अहम सुझाव दिए जिसके बाद राममंदिर की सुरक्षा योजना बनकर तैयार हुई। अब इसका क्रियान्वयन भी शुरू हो चुका है।



सूत्रों के अनुसार राममंदिर परिसर के सुरक्षा प्लान में हर बारीकियों को ध्यान में रखा गया है। खासतौर पर भीड़ और थ्रेट परसेप्शन का आकलन कर सीआईएसएफ ने सुरक्षा से संबंधित सुझाव दिए हैं। सीआईएसएफ को इस काम के लिए इसलिए चुना गया, क्योंकि इस केंद्रीय बल के पास तिरुपति मंदिर, शिरडी साईं बाबा मंदिर, गोरखनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और महाबोधि की सुरक्षा का अनुभव है। राममंदिर की सुरक्षा के लिए थ्रेट परसेप्शन तैयार करने के लिए स्थानीय पुलिस, खुफिया एजेंसी समेत अलग-अलग एजेंसियों से इनपुट लिया गया। मंदिर के लिए भीड़ नियंत्रण किस तरीके से होना चाहिए उसके लिए भी पूरा खाका तैयार किया गया है।

राममंदिर की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ ने खास सुरक्षा ग्रिल लगाने का सुझाव भी दिया है, जिसे सिर्फ मंदिर के लिए ही बनाया जाएगा। मंदिर के नक्शे के मुताबिक ही वहां सुरक्षा बलों की तैनाती का सुझाव दिया गया है और उन पर निगरानी रखने के लिए भी एक खास टीम बनाने की सिफारिश सीआईएसएफ की ओर से की गई है। परिसर की सुरक्षा अपने उच्चस्तर पर हो इसका खास ध्यान रखा गया है। सीआईएसएफ ने अपने सुझावों में मंदिर परिसर में तैनात होने वाले सुरक्षा बलों को समय-समय पर बदली परिस्थितियों के मुताबिक ट्रेनिंग देने के पहलू को भी शामिल किया गया है।

## सीजफायर समझौते के तहत हमास ने 13 इजरायलियों सहित 17 बंधकों को किया रिहा

**गाजा, एजेंसी**। हमास ने फिलिस्तीनी कैदियों के छोड़े जाने के बदले में 13 इजरायली बंधकों के दूसरे समूह को रिहा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हमास ने इज़रायल पर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था, जिसके कारण बंधकों के बदले कैदियों की अदला-बदली में कई घंटों रुकी रही। कतर और मिस्र के मध्यस्थों के हस्तक्षेप और इज़राइल के आश्वासन के बाद हमास आगे बढ़ने के लिए सहमत हो गया और देर रात 13 इज़रायलियों और थाईलैंड के चार बंधकों को रिहा कर दिया।

अधिकारियों ने कहा कि इज़रायल ने बदले में 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। न्यूज एजेंस एएफपी की फोटो और वीडियो में दिखाई दे रहा है कि रेड क्रॉस की मिनीबसों को देर रात बंधकों को इज़रायल स्थानांतरित करने से पहले गाजा की राफा सीमा के माध्यम से मिस्र की सीमा को पार कर रही हैं। इस बीच जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा है कि वह चार जर्मन-इजरायल सहित हमास के बंधकों के दूसरे समूह की रिहाई से राहत महसूस कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, "मैं उनके बारे में और उन लोगों के बारे में सोच रही हूं,जो अभी भी हमास के कैद में हैं।

## सेमिनार हॉल ओल्ड आर्ट्स में मनाया गया संविधान दिवस

**नैनीताल(सं)**। डीएसबी परिसर में ओल्ड आर्ट्स के सेमिनार हॉल में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, कुमाऊं विवि डॉ. विजय कुमार ने किया। भारत के संविधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का संविधान अन्य देशों की तुलना में अनूठा है। यह आम व्यक्ति को भी एकसमान रूप से अधिकार देने वाला है, भारत में एक नागरिकता को मान्यता देने वाला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य कार्य परिषद कुमाऊं विवि कैलाश चंद्र जोशी ने कहा कि शिक्षा के अधिकार से सभी को गुणवत्ता प्राप्त शिक्षा का अधिकार मिला है।

# बारामूला में लश्कर के सहयोगी संगठन ळफ के 3 आतंकी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**श्रीनगर, एजेंसी**। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सहयोगी "द रेजिस्टेंस फ्रंट"संगठन (टीआरएफ) के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। पुलिस ने कहा कि कल झूला फुट ब्रिज के पास कलगाई में 13 सिखली, 185 बीएन बीएसएफ और बारामूला पुलिस के साथ संयुक्त जांच और गश्त के दौरान कमलकोट से राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर बैग लेकर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। संदिग्धों की पहचान मदियन कमलकोटे के



निवासी ज़मीर अहमद खांडे और मोहम्मद नसीम खांडे के रूप में हुई।

पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान उनके पास से तीन चीनी ग्रेनेड और करीब ढाई लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस स्टेशन उरी में उन पर कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि ये अवैध रूप से हासिल किए गए ग्रेनेड और नकदी उन्हें मेडियान कमलकोटे के निवासी मंजूर अहमद भट्टी ने उपलब्ध कराई थी, ताकि वे किसी भी आतंकवादी घटना को अंजाम दे सकें। इसके बाद मंजूर अहमद को गरिफ्तार करके पूछताछ की गयी।

उसने पूछताछ के दौरान बताया कि आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए इन व्यक्तियों को अवैध रूप से प्राप्त ग्रेनेड और नकदी की उसने आपूर्ति की है और अपने घर के पास अपने परिचित स्थान पर एक हथगोला और नकदी भी रखी है।

# यूपी में कांग्रेस को ओबीसी पर फोकस वाली युवा टीम मिली

**लखनऊ,(एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (यूपीसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय को 130 पदाधिकारियों की एक गतिशील टीम मिली है, जो उनकी नियुक्ति के तीन महीने बाद ही पार्टी के भीतर एक महत्वपूर्ण बदलाव है। युवा सशक्तीकरण पर पार्टी का जोर स्पष्ट है, नई टीम में 67 प्रतिशत लोग 50 वर्ष से कम उम्र के हैं। कांग्रेस पार्टी की उदयपुर नव संकल्प घोषणा में 50 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों के लिए 50 प्रतिशत संगठनात्मक पद आरक्षित करने का प्रावधान है। यह कदम अधिक युवा और ऊर्जावान नेतृत्व के लिए कांग्रेस के दृष्टिकोण के अनुरूप है।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने 130 सदस्यीय यूपीसीसी कार्यकारी समिति की सूची को जारी किया है। समिति में 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव और 76 सचिव शामिल हैं। नई टीम समाज के विभिन्न वर्गों का संतुलित प्रतिनिधित्व दर्शाती है। गौरतलब है कि 60 फीसदी पदाधिकारी ओबीसी और दलित समुदाय से हैं। इसमें अनुसूचित जाति से 23, मुस्लिम समुदाय से 22, ओबीसी से 44 और सामान्य वर्ग से 41 पदाधिकारी शामिल हैं। हालांकि, लिंग प्रतिनिधित्व एक चिंता का विषय बना हुआ है, 130 पदाधिकारियों में से केवल चार महिलाएं हैं।यूपीसीसी प्रमुख अजय राय ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर आशा व्यक्त की, हम सभी मिलकर काम करेंगे और चुनाव से पहले पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे। नई समिति ने समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व प्रदान किया है। नवनियुक्त यूपीसीसी महासचिव अनिल यादव ने कहा, सभी क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है, अब हर जिले में एक पदाधिकारी है। हमारा ध्यान अब हमारे फ्रंटल संगठनों में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर होगा।

## वैवाहिक क्रूरता की कोई परिभाषित सीमा नहीं है : हाईकोर्ट

**कोलकाता ,(एजेंसी)**। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा है कि मार्शल क्रूरता की कोई परिभाषित सीमा नहीं है और इसलिए, अदालत हर मामले के लिए अलग-अलग यह निर्धारित कर सकती है कि क्रूरता हुई है या नहीं। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ रॉय चौधरी की खंडपीठ की टिप्पणी कुछ दिन पहले पारित एक आदेश का हिस्सा थी, जिसकी एक प्रति शनिवार को अपलोड की गई।तलाक की याचिका पर आदेश पारित करते हुए खंडपीठ ने कहा कि वैवाहिक क्रूरता आवश्यक रूप से शारीरिक क्रूरता तक ही सीमित नहीं है और कभी-कभी अपमानजनक व्यवहार या रिश्ते को नष्ट करने का पूर्व नियोजित प्रयास भी वैवाहिक क्रूरता के समान है।

# ओवेसी की एमआईएम के लिए राह आसान नहीं, दो खंडों में करना पड़ रहा उतार-चढ़ाव का सामना

**हैदराबाद ,(एजेंसी)**। मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) को हैदराबाद के पुराने शहर में शायद ही कभी अपने राजनीतिक वर्चस्व के लिए चुनौती का सामना करना पड़ा हो, जिसे उसका गढ़ माना जाता है।

पार्टी का गढ़ राज्य में अन्य जगहों पर हुए राजनीतिक बदलावों से काफी हद तक अछूता रहा। चाहे संयुक्त आंध्र प्रदेश हो या नव निर्मित तेलंगाना, सत्ता में चाहे कोई भी आए, एमआईएम ने अपना पारंपरिक गढ़ बरकरार रखा।

इस बार, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस के बीच कांटे की लड़ाई में एमआईएम बीआरएस का साथ दे रही है।

हालांकि पुनर्जीवित कांग्रेस और मुस्लिम वोटों के संभावित विभाजन से कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में एमआईएम के लिए चीजें मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन यह भविष्यवाणी करना मुश्किल है कि इस बार उसकी सात सीटों की संख्या में कमी आएगी या नहीं।

असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी को नामपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ता दिख रहा है। मोहम्मद फिरोज़ खान, जिन्होंने 2009 में निर्वाचन क्षेत्र बनने के बाद से हर चुनाव में असफलता हासिल की, 2018 में एमआईएम के आभासी एकाधिकार को समाप्त करने के करीब आ गए थे, जाफर हुसैन से 9,675 के अंतर से हार गए।

खान को इस बार जीत का भरोसा है और वह हार के बावजूद लोगों की मदद के लिए निर्वाचन क्षेत्र में किए गए अपने काम पर भरोसा कर रहे हैं। क्रमशः प्रजा राज्यम पार्टी (पीआरपी) और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के टिकट पर 2009 और 2014 का चुनाव हारने के बाद, उन्होंने 2018 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा।

इस बार एमआईएम ने अपने मौजूदा विधायक जाफर हुसैन की जगह ग्रेटर हैदराबाद के पूर्व मेयर माजिद हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया है।

एमआईएम के समर्थक खान को बीजेपी और आरएसएस का एजेंट बता रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी, जो आरएसएस के साथ कथित संबंधों को लेकर राज्य कांग्रेस प्रमुख ए रेवंत रेड्डी पर हमला कर रहे हैं, ने दावा किया है कि दिल्ली के आरएसएस के लोग नामपल्ली में कांग्रेस उम्मीदवार के लिए काम कर रहे हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार घर बैठे हैं।

माना जा रहा है कि एमआईएम को मलकपेट में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, जहां कांग्रेस ने मौजूदा विधायक अहमद बिन अब्दुल्ला बलाला के खिलाफ शेख अकबर को मैदान में उतारा है। तहरीक मुस्लिम शब्बान जैसे कुछ मुस्लिम समूहों ने कांग्रेस को अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

# आरसीबी ने 30 करोड़ रुपये बचाते हुए कुल 11 खिलाड़ियों को किया रिलीज



नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रविवार को अपने रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट की घोषणा कर दी। आईपीएल फाइनल में तीन बार पहुंचने वाली आरसीबी ने कुल 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया जबकि 11 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जो आईपीएल 2024 मिनी नीलामी में जाएंगे।आईपीएल 2024 के रिटेंशन की अंतिम तारीख 26 नवंबर 2023 थी। आरसीबी फ्रेंचाइजी ने आखिरी पलों में ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को सनराइजर्स हैदराबाद में ट्रेड किया और मयंक डागर को अपने खेमे में जोड़ा।

**कोचिंग स्टाफ बदला**

यह ध्यान देने वाली बात है कि आरसीबी ने आईपीएल 2023 के बाद अपने कोचिंग स्टाफ में काफी बदलाव किए। आईपीएल 2023 में आरसीबी की टीम छठे स्थान पर रही थी। हेड कोच संजय बांगड़ और क्रिकेट निदेशक माइक हेसन को अपनी जिम्मेदारी से मुक्त किया गया जबकि एंडी फ्लावर और मो बाबट को हाल ही में नियुक्त किया गया था।

**प्रमुख खिलाड़ियों को किया रिटेन**

आरसीबी ने अपने फैंस का भरोसा कायम रखते हुए प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। फ्रेंचाइजी ने विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, कप्तान फाफ डू प्लेसी और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को रिटेन किया। अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक को भी फ्रेंचाइजी ने खराब सीजन के बावजूद रिटेन किया। रजत पाटीदार को भी आरसीबी ने रिटेन किया।


# वर्ल्डकप ट्राफी पर पैर रखने के मामले में इस स्टार खिलाड़ी की मुश्किलें बढ़ी



नई दिल्ली ,आईसीसी क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी पर पैर रखने के आरोप में ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर मिशेल मार्श के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गयी है। भ्रष्टाचार विरोधी सेना के अध्यक्ष पंडित केशव देव ने 21 नवंबर को अलीगढ़ के दिल्ली गेट थाने में शिकायत दी थी। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'शिकायत मिली है, लेकिन, अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है और साइबर प्रकोष्ठ से रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी'।

पुलिस अधीक्षक (नगर) मृगांक शेखर ने बताया कि आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिशेल मार्श के खिलाफ अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा था कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने अपनी हरकत से उस ट्रॉफी का अनादर करके इस देश के लोगों का अपमान किया है, जो 'देश के प्रधानमंत्री ने विजेता टीम को सौंपी थी'।अहमदाबाद में 19 नवंबर को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हरा दिया था. ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के उम्दा दर्शन के बाद ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर लगातार नौवीं जीत के साथ छठा विश्व कप अपने नाम किया था।

# 13.25 करोड़ रुपये की कीमत वाले खिलाड़ी को किया रिलीज



नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को आईपीएल 2024 नीलामी से पहले अपने रिटेन और रिलीज किए खिलाड़ियों की लिस्ट की घोषणा की। ऑरेंज आर्मी के नाम से मशहूर एसआरएच ने छह खिलाड़ियों को रिलीज किया।

हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपये में खरीदे इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक को रिलीज करके फैंस को चौंका दिया है। आक्रमक बल्लेबाज ने पिछले सीजन में एक शतक जरूर जमाया था, लेकिन इसके अलावा उनका प्रदर्शन खराब रहा था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 11 मैचों में 21.11 की औसत से 190 रन बनाए थे।

**34 करोड़ रुपये बचे**

सनराइजर्स हैदराबाद ने हैरी ब्रूक के अलावा समर्थ व्यास, कार्तिक त्यागी, विवरांत शर्मा, अकील हुसैन और आदिल राशिद को रिलीज किया, जो कि अब आईपीएल 2024 नीलामी में नजर आएंगे। इससे पहले एसआरएच ने मयंक डागर को शाहबाज अहमद की जगह आरसीबी में ट्रेड किया था।

सनराइजर्स हैदराबाद ने छह खिलाड़ियों को रिलीज किया और उसके पास अब नीलामी से पहले 34 करोड़ रुपये का पर्स बचा है। फ्रेंचाइजी को आगामी नीलामी में छह स्थान भरने रहेंगे, जिसमें तीन विदेशी खिलाड़ी होंगे।

**एसआरएच द्वारा रिलीज किए खिलाड़ियों की लिस्ट**

हैरी ब्रूक, समर्थ व्यास, कार्तिक त्यागी, विवरांत शर्मा, अकील हुसैन और आदिल राशिद। मयंक डागर (ट्रेड)।

**एसआरएच द्वारा रिटेन किए खिलाड़ियों की लिस्ट**

एडेन मार्करम, मयंक अग्रवाल, हेनरिच क्लासेन, मयंक मार्कंडे, उपेंद्र सिंह यादव, सनवीर सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अनमोलप्रीत सिंह, अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसेन, वॉशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक और शाहबाज अहमद (आरसीबी से ट्रेड)।

# टीम इंडिया के इस गेंदबाज ने गर्लफ्रेंड से की शादी



मुंबई ,भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज नवदीप सैनी ने गर्लफ्रेंड स्वाति अस्थाना से शादी कर ली है। इसकी जानकारी उन्होंने शादी की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दी है।

नवदीप ने शादी की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, आपके साथ हर दिन प्यार का दिन है, आज हमने हमेशा के लिए एक दूसरे का होने का फैसला किया है, हम अपने जीवन का एक नया चैप्टर शुरू कर रहे हैं, इसलिए हम आपके आशीर्वाद और प्यार का कामना करते हैं। हरियाणा के करनाल के रहने वाले नवदीप सैनी क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने 2019 में टी20 में विंडीज के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने ने 22 दिसंबर 2019 को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे का पहला मैच खेले थे। वहीं, 7 जनवरी 2021 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला खेले थे।

# कोलकाता नाइट राइडर्स से कितने खिलाड़ियों की हुई छुट्टी? जानिए रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की पूरी डिटेल्स



नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के लिए अपने रिटेन्ड और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। 26 नवंबर को आईपीएल की सभी 10 टीमों ने अपने रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट बीसीसीआई को सौंपी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को रिलीज कर दिया है।

उनके अलावा 11 खिलाड़ियों को केकेआर ने रिलीज किया है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं केकेआर के रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की पूरी लिस्ट।

दरअसल, दो बार की आईपीएल चैंपियन टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ( ने अगले सीजन के लिए रिटेन्ड और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी। केकेआर ने शार्दुल ठाकुर को रिलीज किया। शार्दुल को केकेआर ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके अलावा शाकिब अल हसन, लिटन दास, नारायण जगदीसन, लॉकी फर्ग्यूसन और उमेश यादव समेत कई बड़े प्लेयर्स शामिल हैं।

**रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट**

शाकिब अल हसन, लिटन दास, आर्या देसाई, नारायण जगदीशन, मनदीप सिंह, कुलवंत खेजरोलिया, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, जॉनसन चार्ल्स का नाम शामिल हैं।

**रिटेन प्लेयर्स की लिस्ट**

नीतीश राणा, रिंकू सिंह, रहमनुल्लाह गुरबाज, श्रेयस अय्यर, आंद्रे रसेल, नीतीश राणा, वेंकटेश अय्यर, डेविड विज, अनुकूल रॉय, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती।

**कोलकाता के पर्स में 32.7 करोड़ रुपये**

आईपीएल ऑक्शन 2024 का आयोजन 19 नवंबर को दुबई में होना है, जिसके लिए केकेआर के पर्स में खिलाड़ियों पर बोली लगाने के लिए 32.7 करोड़ रुपये होंगे।


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com